an>

Title: Need to ensure construction of feeder canal facilitating full water storage in Tandula Water Reservoir (Balod District) from Gangrel Water Reservoir (Dhamtari District) in Chhattisgarh .

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : अध्यक्ष महोदया, छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले में स्थित गंगरेल जालाशय (रविशंकर जलाशय) महानदी पर स्थित है। यह बांध बारिश में पूरा भर जाने के बाद वेस्ट वीयर से काफी पानी व्यर्थ ही चला जाता है जबकि साथ के ही बालोद जिले में स्थित तांदुला जालाशय अक्सर कम पानी के कारण खाली रह जाता है।

मैं सरकार के समक्ष गंगरेल (रविशंकर जलाशय) से तांदुला जलाशय को भरने वाली फीडर नहर के निर्माण सुनिश्चित किये जाने की योजना निर्माण का आग्रह कर रहा हूं। यह छत्तीसगढ़ शासन के बजट में भी है। यदि यह संभव हुआ तो बालोद, दुर्ग, बेमेतरा जिले के करीब 2 लाख एकड़ कृषि भूमि पर सुनिश्चित सिंचाई की सुविधा अलग से हो सकेगी।